पीडब्ल्यूडी के जेई को धमकी देने का मामला, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

जेई के बेटे को मारने की धमकी

15 लाख मांगे

मुरादाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

संभल के पीडब्ल्यूडी जेई युधिष्ठिर सिंह को फोन करके 15 लाख रुपये की रंगदारी मांगने वाले बदमाशों ने मंगलवार को दोबारा फोन किया और इस बार उन्होंने जेई के बेटे को जान से मारने की धमकी दी है। उधर, तहरीर मिलने के बाद मझोला पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जिस नंबर से फोन आ रहे हैं, उन्हें सर्विलांस पर लगाया गया है। लेकिन बदमाशों का सुराग नहीं लग पाया है।

बुद्धिविहार में रहने वाले अवर अभियंता युधिष्ठिर सिंह संभल के प्रांतीय खंड में तैनात हैं। उन्होंने बताया कि 29 जुलाई को उन्होंने अपने बेटे निखिल का चांदपुर के राजकीय इंजीनियरिंग कालेज में बीटेक प्रथम वर्ष में एडमिशन कराया था। वहां उन्होंने बेटे को कालेज के बाहर लगे एक कैंप से बीएसएनएल का नया सिमकार्ड खरीदकर दिया था।

इसके बाद चार अगस्त को बेटे के इस नए मोबाइल नंबर पर अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने बेटे से युधिष्ठिर सिंह का नंबर लिया और रविवार शाम युधिष्ठिर सिंह को फोन करके 15 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। रकम न देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। जेई ने सोमवार को मझोला थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने मंगलवार को मुकदमा दर्ज किया। लेकिन इसके बाद युधिष्ठिर के नंबर पर फिर फोन आया।

इस बार बदमाशों ने उनके बेटे को जान से मारने की धमकी देकर रंगदारी मांगी है। इससे युधिष्ठिर व उनका परिवार सहम गए हैं। उन्होंने डीआईजी से मिलकर कार्रवाई की मांग की है। थाने के एसएसआई ने बताया कि फोन करने वालों का पता लगाया जा रहा है।

पुलिस में तहरीर देने की बदमाशों को थी जानकारी

मंगलवार को बदमाश ने फोन करते ही कहा कि पुलिस के पास जाने का कोई फायदा नहीं है। अगर बेटे की सलामती चाहते हो तो 15 लाख रुपये तैयार कर लो। बता दें कि नया सिमकार्ड लेने के बाद ही जेई को ये धमकी भरे फोनकॉल्स आ रहे हैं। जेई ने अफसरों से सिमकार्ड देने वाले मोबाइल कंपनी के उन कर्मचारियों के खिलाफ ही कार्रवाई की मांग की है। जो कालेज के बाहर कैंप लगाए थे।

मझोला में आवास विकास की भूमि पर कब्जे की कोशिश

मुरादाबाद | कार्यालय संवाददाता

दिल्ली रोड पर करोड़ों की जमीन पर बाउंड्री से मंगलवार को फिर बखेड़ा हो गया। मझोला की इस जमीन पर निर्माण शुरू हुआ तो आवास विकास प्राधिकरण ने एतराज जताया। उन्हें प्रशासन और तहसील अफसरों की मदद लेनी पड़ी।

मझोला में आवास विकास प्राधिकरण की फेस टू की जमीन पड़ी है। प्राधिकरण की मझोला फेस टू में कई योजनाएं लंबित है। जमीन पर विवाद गाटा संख्या 979 पर है। पिछले एक महीने से भी कम से समय में गाटा संख्या में दो बार विवाद हो चुका है। मंगलवार को विवाद इस जमीन पर विवाद से पैदा हुआ। दूसरे पक्ष का कहना था कि यह जमीन उनकी है। लेकिन प्राधिकरण ने इससे साफ इंकार कर दिया। इतना ही नही प्राधिकरण ने गाटा संख्या में मुरादाबाद की कोर्ट से निर्माण न होने को लेकर स्टे भी बताया। मगर निर्माण जारी रखा। इस पर प्राधिकरण अफसरों ने जानकारी सिटी मजिस्ट्रेट को दी।

इस बारे में सहायक अभियंता आवास विकास प्राधिकरण देवेन्द्र पाल ने बताया कि मझोला में गाटा संख्या में करीब साढ़े बाइस एकड़ जमीन अर्जित की गई थी। सन 91 में संपत्ति का नोफिकेशन भी कराया गया। जमीन पर निर्माण रोकने को सिविल जज सीनियर डिवीजन ने प्राधिकरण से स्टे भी है।

मजिस्ट्रीयल जांच में भी नहीं खुला शराब से मौत का राज

मुरादाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

एक साल पहले बंगलागांव में जहरीली शराब पीने से दो लोगों की मौत मजिस्ट्रीयल जांच के बाद भी राज ही रह गई। उक्त मामले में शराब विक्रेता को क्लीन चिट मिल गई है। सिटी मजिस्ट्रेट ने मजिस्ट्रीयल जांच पूरी करके जिलाधिकारी को भेज दी है। जिस दुकान से मिलावटी शराब बिक्री बेचने की खबर मिली थी जांच में ऐसा कुछ नहीं पाया गया। वहीं यह कहा गया है कि जिस बोतल से दो लोगों ने शराब पी उसमें मिलावट हो सकती है।

बंगलागांव में एक साल पहले बहुचर्चित शराब कांड हुआ था। इसमें दो लोगों की शराब हट्टी पर ही जान चली गई थी। इस पर आंदोलन हुआ था। शराब हट्टी में आगजनी की गई थी।

मामले की जांच सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपी गई थी। मिलावटी और जहरीली शराब बिक्री के आरोपों को सिटी मजिस्ट्रेट मुकेश चंद्र ने अपनी जांच में खारिज कर दिया है। उनका तर्क है कि अगर शराब में मिलावट थी तो बाकी जिन लोगों ने शराब खरीदी और पी उनको कुछ नहीं हुआ। सिटी मजिस्ट्रेट ने यह भी माना है कि जिन दो लोगों की शराब पीने से मौत हुई वह हट्टी पर ही हुई और एक ही बोतल से शराब पीने से हुई।

मृतकों का बिसरा भी सुरक्षित किया गया था। सिटी मजिस्ट्रेट ने माना है कि जिस बोतल से उक्त दोनों लोगों ने शराब पी उसमें मिलावट हो सकती है। शराब विक्रेता को इस मामले में क्लीन चिट मिल गई है।

सितंबर से शुरू होगी डायल 100 योजना

मुरादाबाद। शासन की महत्वाकांक्षी योजना डायल 100 अगले माह सितंबर से शुरू होने वाली है। इसी के तहत पूरे प्रदेश में शासन की ओर से गश्त के लिए नई इनोवा और बोलेरो गाड़ियां दी जा रही हैं। चंद रोज में ये गाड़ियां मुरादाबाद पहुंच जाएंगी। मंगलवार को डीजीपी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग में सभी जिलों के कप्तान और डीआईजी को यही जानकारी दी। साथ ही डायल 100 के लिए अधीनस्थों को भी तैयार करने के लिए कहा।

डायल 100 योजना के तहत शासन किसी भी वारदात के बाद पुलिस के रेस्पांस टाइम को बेहतर बनाने की तैयारी कर रहा है। इसके तहत घटना होने पर जब लोग 100 नंबर पर फोन करेंगे तो यह फोन जिले के कंट्रोल रूम की बजाए लखनऊ में बनाए गए अत्याधुनिक कंट्रोल रूम में उठेगा।

ढाई लाख रुपये लेकर फरार हुआ नौकर

मुरादाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

ढाई लाख रुपये लेकर एक नौकर मालिक को चकमा देकर फरार हो गया। कारोबारी ने उसे रकम देकर बैंक में जमा करने के लिए कहा था। नौकर बैंक तो गया, लेकिन कुछ देर वहां घूमने के बाद निकल आया। देर शाम तक जब नौकर नहीं लौटा तो कारोबारी को चिंता हुई। जानकारी करने पर पता लगा कि पैसा खाते में जमा नहीं हुआ है। इसके बाद उन्होंने थाने पहुंचकर तहरीर दी।

बुद्धिविहार में रहने वाले कारोबारी सुमित गुप्ता की लाइनपार में मोबाइल की दुकान है। पुलिस के अनुसार सुमित की दुकान पर बगिया निवासी साधूशरण नौकरी करता है। कई साल से नौकरी करने के कारण वह सुमित का विश्वासपात्र भी है। अक्सर उसके जरिए सुमित बैंक खाते में रकम जमा कराते थे। सोमवार को भी उन्होंने साधूशरण को ढाई लाख रुपये देकर आईसीआईसीआई बैंक के एकाउंट में जमा करने के लिए कहा था।

बताया जा रहा है कि साधूशरण रकम लेकर बैंक तो गया. लेकिन खाते में जमा नहीं किया। कुछ देर रुकने के बाद वह बैंक से वापस लौट गया, लेकिन दुकान नहीं पहुंचा। पुलिस ने बैंक की सीसीटीवी फुटेज देखी तो पता लगा कि नौकर बैंक आया था। मझोला थाने के एसएसआई ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

नौकरों पर ज्यादा भरोसा पड़ रहा भारी

नौकरों के द्वारा विश्वासघात की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। पिछले कुछ सालों में कई एक्सपोर्टर और कारोबारी नौकरों के विश्वासघात का शिकार हो चुके हैं। शहर की पॉश कालोनी मानसरोवर में मंजाल की कोठी से एक नौकरानी ने ही लाखों रुपये के जेवर और नकदी गायब कर दी थी। यही नहीं लाकड़ी की एक एक्सपोर्ट फर्म से उसके सिक्योरिटी गार्डों ने लाखों का माल चोरी करा दिया था। बाद में खुद सुपरवाइजर ने मुखबिरी कराकर यह माल स्क्रैप में बिकते हुए पकड़ा था। पीलीकोठी के पास एक बंगले में नौकरानी ने महिला के सोने के कंगन गायब कर दिए थे। उस मामले में भी मुकदमा लिखा गया था।

ठगी की अफवाह पर दौड़ी पुलिस

पाकबड़ा । टीएमयू में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे एक छात्र से दो आटो सवार युवकों ने छह हजार रुपये ठग लिए। दोनों ने छात्र को एक मोबाइल फोन दिखाते हुए उसे आठ हजार में बेचने का झांसा दिया था। लेकिन मोबाइल की जगह शीशे के टुकड़े दे दिए। उधर, छात्र से लूट की सूचना पर सीओ, थानेदार भारी फोर्स के साथ पहुंच गए। ठगी का मामला सामने आने के बाद उन्होंने राहत की सांस ली।

मूलरूप से शाहजहांपुर के रहने वाले अभिजीत मिश्रा पुत्र जगदीश कुमार ने बताया कि वह इंजीनियरिंग तृतीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा है। उसने बताया कि मंगलपुर सुबह वह अपने कमरे से विवि जा रहा था। जैसे ही वह विवि के गेट पर पहुंचा, तभी एक आटो रुका और उसमें से दो युवक उतरे। उन्होंने पूछा कि मोबाइल बेचने वाली दुकान कहां है? इस पर अभिजीत ने कहा कि वे राजधानी वाले की दुकान पर चले जाएं। पता भी बताया। तभी एक युवक ने जेब से आईफोन निकाला और कहा कि आप ही इसे खरीद लो। कीमत केवल आठ हजार रुपये बताई। लालच में आकर अभिजीत ने छह हजार में सौदा तय कर लिया। रकम लेकर युवकों ने कपड़े के थैले में रखकर फोन अभिजीत को दे दिया और आटो से निकल गए।

घटनाक्रम

कांवड़ लेने जा रहा युवक की करेंट से मौत

पाकबड़ा। कांवड़ लेने के लिए हरिद्वार जा रहे कस्बे के एक युवक की सोमवार रात स्योहारा में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। कस्बे के मोहल्ला चामुंडा मंदिर में रहने वाले राजपाल मेहनत मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। परिवार में पत्नी, दो बेटे और एक बेटी है। सोमवार रात राजपाल का छोटा बेटा विनोद कांवड़ लेने के लिए हरिद्वार जा रहा था। जैसे ही वह बेड़े के साथ बिजनौर के स्योहारा पहुंचा, तभी उनके ऊपर 11 हजार केवी का हाईटेंशन तार टूटकर गिर पड़ा। बताया जा रहा है कि हादसे में विनोद की मौके पर ही मौत हो गई।

डिबिया गिरने से झुलसी महिला, भर्ती

मुरादाबाद। मूंढापांडे के अक्कापांडे गांव में रहने वाली एक महिला मधुबाला (25) मंगलवार सुबह जलती हुई डिबिया गिरने से झुलस गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला मधुबाला के पति महावीर सिंह ने बताया कि मंगलवार सुबह उनका साला नेमचंद किसी काम से घर आया था। भाई के आने पर मधुबाला खाना बनाने रसोई में गई थी। अंधेरा होने पर उसने डिबिया जलाकर पास में ही रख ली। इसी दौरान हाथ लगने से डिबिया गिर गई और मधुबाला के कपड़ों में आग लग गई। पति और बाकी लोग पहुंचे, तब तक महिला का चेहरा और कमर से ऊपर का हिस्सा झुलस गया था।

ई-रिक्शा में घुसे बाइक सवार छात्र, घायल

मुरादाबाद। विल्सोनिया स्कूल के 9वीं कक्षा के बाइक सवार दो छात्र मंगलवार को अनियंत्रित होकर ई रिक्शा में जा घुसे। दोनों को जिला अस्पताल लाया गया। सूचना पाकर उनके परिवार वाले भी पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक तहसील स्कूल के पास नई सड़क पर रहने वाला छात्र अरहम पुत्र जमाल अपने दोस्त आरिब निवासी लाजपतनगर के साथ काफी तेज रफ्तार से बाइक चलाकर कालेज से घर लौट रहे थे। जिला अस्पताल के सामने अचानक बाइक अनियंत्रित होकर ई रिक्शा में घुस गई। दोनों लोगों के हाथ और पैर में काफी चोट आई।

गवाही देने वाला गिरफ्तार, जेल भेजा

मुरादाबाद। जमीन के फर्जीवाड़े में गवाह बने एक युवक पप्पू पुत्र होरीलाल निवासी रामतलैया लाइनपार को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। कुछ समय पहले ही सिविल लाइंस थाने में फर्जीवाड़े का यह मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचक ने बताया कि इस मामले में गवाहों को भी पैसा देकर लाया गया था। जांच चल रही है। कुछ और लोग भी जल्द गिरफ्तार होंगे।

घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़, पिटाई की

मुरादाबाद। कटघर थाना अंतर्गत मकबरा द्वितीय में रहने वाली महिला ने मोहल्ले के छह युवकों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट और छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। महिला ने बताया कि सोमवार को जब वह घर पर अकेली थी। तभी मोहल्ले के शरफराज, मेहराज, असगर, फूल, गुड्डू, पप्पू जबरन घुस आए और मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर एक ने तमंचा निकाल लिया और जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर आसपास के लोग आए, तब आरोपी फरार हो गए।

महिला की जमीन बिकवाकर रकम हड़पी

मुरादाबाद। कटघर के सिरसा इनायतपुर उर्फ दौड़बाग में रहने वाली महिला परवीन जहां पत्नी इसरार ने झुंडेवाली मिलक और देवापुर गांव के रहने वाले चार लोगों पर जमीन की रकम हड़पने का आरोप लगाते हुए मुकदमा लिखाया। परवीन जहां ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि दौड़बाग के रहने वाले तस्लीम व आरिफ पुत्रगण सादक, झुंडेवाली मिलक निवासी हसमत व देवापुर निवासी सलीम पुत्र मुस्तकीम ने उनकी जमीन का बैनामा 10 लाख रुपये में कराया था। दूसरी पार्टी से उन्होंने पूरी रकम भी ले ली।

पानी मिलाकर बेचा मैंथा, मुकदमा दर्ज

मुरादाबाद। कटघर के गोविंदनगर में रहने वाले एक कारोबारी राजकुमार गुप्ता ने भगतपुर के परशुपुरा गांव निवासी दो युवकों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। राजकुमार ने पुलिस को बताया कि उन्होंने 16 जुलाई को दोनों युवकों सर्वेश उर्फ पप्पू पुत्र चंद्रपाल और उसके बेटे सोनू से मैंथा का तेल खरीदा था। दोनों ने तेल में पानी मिलाकर उन्हें दे दिया। जब इस बात की शिकायत करके माल वापस करने के लिए कहा तो दोनों ने माल वापस लेने से इंकार कर दिया। आरोप है कि जान से मारने की धमकी दी।

विहिप नेता के भतीजे पर दर्ज मुकदमे की जांच सुस्त

मुरादाबाद। विहिप नेता के भतीजे के खिलाफ फरवरी 2015 में लिखे गए मुकदमे की जांच बंद हो गई। सूत्रों की मानें तो पुलिस ने केस में फाइनल रिपोर्ट लगा दी है। अब पीड़ित महिला ने अफसरों से एफआर निरस्त करने की गुहार लगाई है। बता दें कि महिला सुमन ने मयंक व्यास के खिलाफ धोखाधड़ी करके चेक गायब करने और उसके जरिए करीब एक लाख रुपये खाते से निकालने का आरोप लगाते हुए मुकदमा लिखाया था। मामले की जांच दो दरोगाओं ने की थी। पुलिस ने केस में एफआर लगा दी है।

सऊदी अरब में रह रहे युवक को किया पाबंद

मुरादाबाद। अगवानपुर चौकी की पुलिस ने मुचलका पाबंदी में भी खेल कर दिया। दो साल से सऊदी अरब में रह रहे एक युवक को भी मुचलके की राशि से पाबंद कर दिया। अब उसके परिवारवाले अफसरों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही। कांवड़ को देखते हुए शासन द्वारा एहतियात बरती जा रही है। इसी के तहत हर थाना और चौकी क्षेत्र में रहने वाले लोगों को मुचलका पाबंद करने के लिए कहा गया है। चौकी पुलिस ने सोमवार को करीब पचास लोगों को पाबंद किया।

कांवड़ लेने गया एकेडमी कर्मी का बेटा लापता

मुरादाबाद। बीती 16 जुलाई को कांवड़ लेने ब्रजघाट गया एक युवक अब तक नहीं लौटा। उसके पिता पुलिस एकेडमी में सहीश हैं। सोमवार को पिता सुनील कुमार ने सिविल लाइंस थाने में बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार युवक शुभम (22) घर से बताकर कुछ दोस्तों के साथ कांवड़ लेने निकला था। हो सकता है कि वह घूमने फिरने के लिए आगे निकल गया हो। मामले की जांच की जा रही है।

मुरादाबाद में अब 54 लोकतंत्र सेनानी

मुरादाबाद। मुरादाबाद में लोकतंत्र सेनानी की संख्या अब 54 हो गई है। ठाकुरद्वारा इलाके में ग्राम फैजुल्ला गंज के भारत सिंह पुत्र नत्थू सिंह 54 वें लोकतंत्र सेनानी होंगे। जिलाधिकारी ने उक्त जानकारी दी।

पशुओं का टीकाकरण करवाया जाए

मुरादाबाद। जिलाधिकारी ने पशुओं का सघन टीकाकरण करवाने के लिए पशु चिकित्सा विभाग को निर्देश दिया है। बारिश में पशु जनित बीमारियां ज्यादा फैलती हैं उनका इलाज जरूरी है।

सीएमओ ने कहा रात में भी होता है इलाज

मुरादाबाद। डीएम ने महिला अस्पताल के संबंध में शिकायत पर सीएमओ से जवाब तलब किया था। मरीज की शिकायत थी कि अस्पताल में रात में इलाज नहीं होता। डीएम के पत्र के जवाब में सीएमओ ने लिखा है कि जिस मरीज का जिक्र है उसके पति के लिखित बयान संलग्न हैं।

अवैध कब्जे पर प्रशासन ने बनाई टीमें

मुरादाबाद। भगतपुर थाना क्षेत्र के धनुपुरी तिराहे पर लोक निर्माण विभाग की जगह कब्जा कर बनाई जा रही अवैध दुकान को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। डीएम ने पीडब्लूडी, सीओ और एसडीएम को निर्देश दिया है कि तत्काल मौके पर पहुंच कर एक्शन लें।

कोल्डड्रिंक में नशा पिलाकर लूटा ई-रिक्शा

पाकबड़ा। तीन बदमाशों ने टीएमयू के पास हाईवे के कट पर एक ई रिक्शा चालक को नशीली कोल्डड्रिंक पिलाकर ई रिक्शा लूट लिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। होश में आने पर युवक दीपक पुत्र विजयपाल निवासी जयंतीपुर मझोला ने बताया कि मंगलवार सुबह वह ई रिक्शा में सवारियां लेकर पाकबड़ा आया था। लौटते समय टीएमयू के पास तीन युवक सवारी बनकर बैठे। उनमें से एक ने अपने बैग से कोल्डड्रिंक निकालकर पी। साथियों को पिलाई और दीपक को भी दी। इसके बाद वह बेहोश हो गया। होश में आने पर उसने अस्पताल में देखा।

कार्यालय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान दर्जीकुआं-गोण्डा

पत्रांक : डायट/बी0टी0सी0–प्रशि015/706–707/2016–17 दिनांक : 09.08.2016

विज्ञप्ति

बी0टी0सी प्रशिक्षण–2015 चयन/प्रवेश हेतु निर्गत शासनादेश संख्या–426/15–11–2016–2067/ 2013 दिनांक 14.06.2016 एवं सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उ0 प्र0 इलाहाबाद के पत्रांक गोप0/ब ी0टी0सी0–2015/ 8284–8358/2016–17 दिनांक 06.08.2016 में दिये गये निर्देशानुसार बी0टी0सी0 प्रशिक्षण 2015 की चयन/प्रवेश प्रक्रिया के अन्तर्गत ऑन लाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों से वर्गवार/श्रेणीवार शैक्षिक गुणांक के अवरोही क्रम में सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी उ0 प्र0 इलाहाबाद द्वारा प्राप्त करायी सूची के आधार पर **जनपद गोण्डा के डायट/निजी संस्थान एवं जनपद बलरामपुर के निजी संस्थान** में आवंटित सीटों के सापेक्ष वर्गवार/श्रेणीवार 100 गुना अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुए औपबन्धिक जॉच सूची/कट ऑफ मेरिट निर्गत कर दी गयी है। उक्त से संबंधित सूची/कट ऑफ मेरिट डायट गोण्डा की वेबसाइट www.dietgonda.org पर भी उपलब्ध है। निम्नांकित कट–ऑफ मेरिट के अन्तर्गत आने वाले अभ्यर्थी **अपने समस्त मूल शैक्षिक अंकपत्र व प्रमाणपत्र/जाति आरक्षण/विशेष आरक्षण/मूल निवास प्रमाण पत्र/आवेदन पत्र में अंकित पहचान पत्र/रजिस्ट्रेशन फार्म/ई चालान/आवेदन पत्र/संशोधित आवेदन पत्र/तथा उनके दो सेट स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज के दो नवीनतम फोटोग्राफ, दो फाइल कवर व टैग** के साथ संस्थान में निम्नलिखित तिथियों को प्रातः 10.00 बजे काउसंलिंग/जॉच हेतु डायट दर्जीकुआं–गोण्डा में उपस्थित हो।

जनपद गोण्डा की डायट/निजी संस्थान एवं जनपद बलरामपुर की निजी संस्थान हेतु न्यूनतम कट ऑफ मेरिट विवरण (औपबन्धिक जॉच सूची)

वर्ग/श्रेणी	महिला		पुरूष	
	कला	विज्ञान	कला	विज्ञान
अनारक्षित	211.03	215.02	198.98	212.88
अनुसूचित जाति	195.13	186.93	181.77	189.82
अनु0जन जाति	191.07	137.68	174.90	136.13
अन्य पिछड़ा वर्ग	205.24	204.43	190.98	202.75

विशेष आरक्षण	महिला	पुरूष
दृष्टिबाधित	189.56	186.05
श्रवण ह्रास	186.86	180.13
चलन क्रिया	192.65	194.28
स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित	174.89	167.94
भूतपूर्व सैनिक	142.07	120.44

काउसिंलिग हेतु निर्धारित तिथि	वर्ग/श्रेणी	काउसिलिंग स्थल
दिनांक 11.08.2016 से 13.08.2016 तक एवं दिनांक 16.08.2016 से 17.08.2016 तक	उक्त कट ऑफ मेरिट के अन्तर्गत आने वाले समस्त महिला समस्त पुरूष एवं समस्त विशेष आरक्षण अभ्यर्थी	जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, दर्जीकुआं–गोण्डा

महत्वपूर्ण सूचना/निर्देश :–

1. उक्त कट ऑफ मेरिट के अन्तर्गत सम्मिलित अभ्यर्थियों को जॉच हेतु उपस्थित होने की सूचना समाचार पत्र तथा संस्थान की वेबसाइट www.dietgonda.org के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से नहीं दी जायेगी। निर्धारित तिथि उपस्थित न होने की स्थिति में पूर्ण उत्तरदायित्व अभ्यर्थी का होगा।
2. अभ्यर्थी द्वारा आनलाइन आवेदन में की गयी प्रविष्टियां ही मान्य होगी, जिसके सापेक्ष अभ्यर्थियों को मूल अभिलेख जॉच के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
3. यदि अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को संस्थान में काउन्सलिंग हेतु स्वयं उपस्थित नहीं होते है, तो भविष्य में उनके अभ्यर्थन के प्रति विचार नहीं किया जायेगा और इसके लिए वे स्वयं उत्तरदायी होगें तथा उनका अभ्यर्थन स्वतः निरस्त मानते हुए वरीयता क्रम में अगले अर्ह अभ्यर्थी के अभ्यर्थन पर विचार किया जायेगा तथा भविष्य में उनके किसी दावे को स्वीकार नहीं किया जायेगा।
4. जारी की गयी विज्ञप्ति/सूची मा0 उच्च न्यायालय/मा0 उच्चतम न्यायालय के आदेशों, शासनादेश एवं विभागीय निर्देशों एवं किसी भी लिपिकीय त्रुटि से संधान के अधीन होगी।
5. काउन्सलिंग के उपरान्त चयन की सूची जारी की जायेगी और प्रवेश की कार्यवाही निर्गत मेरिट सूची के आधार पर की जायेगी।
6. काउन्सलिंग की यह प्रक्रिया प्रवेश की सुनिश्तिता नहीं है।
7. प्रथम औप0 अनन्तिम चयन सूची संस्थान की वेबसाइट www.dietgonda.org पर प्रकाशित की जायेगी। चयनित अभ्यर्थियों का प्रवेश 22.08.2016 को प्रातः 10.00 बजे प्रारम्भ होगा। प्रवेश हेतु मूल अभिलेख तथा रू0 10,200 का राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट जो प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान–गोण्डा को देय हो एवं शपथ पत्र संस्थान में जमा करते हुए प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी।

प्राचार्य
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
दर्जीकुआं–गोण्डा

JUBILANT LIFESCIENCES

Jubilant Life Sciences Limited

Regd. Off.: Bhartiagram, Gajraula, District Amroha - 244 223 (U.P.) | CIN : L24116UP1978PLC004624
Website: www.jubl.com | Email: investors@jubl.com | Tel: +91-5924-252353-60 | Fax: +91-5924-252352

Extract of Consolidated Unaudited Results for the Quarter ended 30 June 2016

(₹ in Lakhs)

Particulars	Quarter Ended			Year Ended
	30 June (Unaudited) 2016	31 March (Unaudited) 2016	30 June (Unaudited) 2015	31 March (Unaudited) 2016
Total income from operations (net)	141953	148731	144570	575163
Net Profit/(Loss) before tax, exceptional and extraordinary items	21816	7958	16750	55283
Net Profit/(Loss) before tax (after exceptional and extraordinary items)	21826	8867	16787	56271
Net Profit/(Loss) after tax, exceptional and extraordinary items	16160	4826	13193	42962
Total comprehensive income after tax (comprising profit/(loss) for the period after tax and other comprehensive income after tax)	16145	5086	13090	42911
Equity share capital	1593	1593	1593	1593
Earnings per share of ₹ 1 each before and after extraordinary items (Not annualized)				
Basic (₹)	10.15	3.03	8.28	26.97
Diluted (₹)	10.15	3.03	8.28	26.97

1. Financial results for quarter ended 30 June 2016 are in compliance with the Indian Accounting Standard (Ind-AS) prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013. Consequently, erstwhile Indian Generally Accepted Accounting Principles (IGAAP) results for the quarters ended 31 March 2016, 30 June 2015 and year ended 31 March 2016 have been restated to make them comparable. The consolidated unaudited results of Jubilant Life Sciences Limited ("the Company") and its subsidiaries (collectively known as "the Group") are prepared in accordance with principles and procedures for the preparation and presentation of consolidated accounts as set out in Ind-AS 110 "Consolidated Financial Statements" prescribed under section 133 of the Companies Act, 2013. Reconciliation of net profit as reported under erstwhile IGAAP and as restated now under Ind-AS is as under:

(₹ in Lakhs)

Particulars	Quarter Ended		Year Ended
	31 March (Unaudited) 2016	30 June (Unaudited) 2015	31 March (Unaudited) 2016
Net profit as reported earlier under erstwhile IGAAP	7068	12806	43149
i) Fair valuation of investments, classified as fair value through profit or loss (Refer note i below)	(3213)	37	(3134)
ii) Mark-to-market gain recognition on forward contracts (Refer note ii below)	-	(780)	(907)
iii) Incremental capitalisation of borrowing cost (Refer note iii below)	408	524	1853
iv) Others (Refer note iv below)	(427)	151	25
v) Tax adjustments, net (Refer note v below)	946	295	1471
vi) Minority Interest (Refer note vi below)	44	160	505
Net profit now reported under Ind-AS	4826	13193	42962

i) Investments (other than investment in subsidiaries) have been classified as "fair value through profit or loss" under Ind-AS as against cost basis under erstwhile IGAAP and consequential adjustment has been reflected in the opening retained earnings and respective periods in which fair value changed or profit on sale of investment is recorded.

ii) Represents consequential change on recognition of mark-to-market gain on forward contracts in the opening retained earnings which was not permitted under erstwhile IGAAP.

iii) Represents incremental capitalization of borrowing cost by applying avoidable interest cost method on certain specific borrowings which was not permitted under erstwhile IGAAP.

iv) Others include adjustments resulting from differences in accounting for employee stock option plans, classification of actuarial gain/loss to OCI, depreciation/ amortization on incremental capitalization of borrowing cost etc.

v) Tax adjustments on all above mentioned adjustments to pre-tax profit including elimination adjustments in consolidation.

vi) The minority's share in losses of subsidiary accounted to "Minority Interest" under Ind-AS, which under erstwhile IGAAP was accounted for by the parent, as cumulative minority's losses exceeded minority's equity.

2. As per Ind-AS 108, Operating Segments have been defined and presented based on the regular review by the Company's Chief Operating Decision Maker to assess the performance of each segment and to make decision about allocation of resources. The accounting principles used in the preparation of the financial results are consistently applied to record revenue and expenditure in individual segments.

3. The Company has opted to publish consolidated unaudited results for the Financial Year 2017. The standalone unaudited results are available under Investor Relations section of our website at www.jubl.com and under Financial Results at Corporates section of www.nseindia.com and www.bseindia.com. Key standalone financial information of the Company is as under:

(₹ in Lakhs)

Particulars	Quarter Ended			Year Ended
	30 June (Unaudited) 2016	31 March (Unaudited) 2016	30 June (Unaudited) 2015	31 March (Unaudited) 2016
Total income from operations (net)	58693	63263	66913	265615
Profit/(Loss) before tax (after exceptional items)	3215	1370	612	8626
Net Profit/(Loss) after tax (after exceptional items)	2098	(782)	284	7558

4. The above consolidated unaudited results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at its meeting held on 9 August 2016. The figures for the preceding quarter ended 31 March 2016, as reported in these financial results, are the balancing figures between the restated Ind-AS figures presented in respect of full financial year ended 31 March 2016 and restated Ind-AS year to date figures upto the end of third quarter of that financial year. The consolidated unaudited results for the current quarter and previous periods/year presented, have been subjected to limited review by the Statutory Auditors of the Company.

5. The above is an extract of the detailed format of the consolidated unaudited results for the quarter ended 30 June 2016 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format for the consolidated unaudited results for the quarter ended 30 June 2016 is available under Investor Relations section of our website at www.jubl.com and under Financial Results at Corporates section of www.nseindia.com and www.bseindia.com.

For Jubilant Life Sciences Limited

Place : Noida
Date : 9 August 2016

Hari S. Bhartia
Co-Chairman & Managing Director